# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्या–168, दिनांक 06–06–2024

**अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 तस्कर 13 क्विंटल 81.60 किग्रा0 डोडा के साथ गिरफ्तार ।**

दिनांक 06-06-2024 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सदस्यो को 13 क्विंटल 81.60 किग्रा0 डोडा (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 42 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः–**

1. अनवार पुत्र अबरार निवासी मोहल्ला इद्रपुरी रिठौरा, थाना हाफिजगंज, जनपद बरेली (ड्राइवर)

2- निजाम पुत्र निशारूद्दीन, निवासी बेनीपुर, थाना बिथरीचैनपुर, जनपद बरेली

**बरामदगीः–**

1- 13 क्विंटल, 81.60 किग्रा0 डोडा_(अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 42 लाख रूपये)

2- 01 अदद ट्रक यूपी–25 डीटी–1062 ।

3- 540/– रूपये नगद।

4– 01 अदद मोबाइल

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांकः–**

मेंहदीखेडा निर्माणवत पुल, कस्बा सफीपुर, जनपद उन्नाव । दिनांक–06-06-2024 समय–04:30 बजे प्रातः।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया, जिसके अनुपालन में श्री संजीव कुमार दीक्षित, पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 उ0प्र0 लखनऊ के पर्यवेक्षण में उ0नि0 श्री प्रताप नारायण के नेतृत्व में मु0आ0 दिलीप कुमार,, मु0आ0 सरोज कुमार अवस्थी, मु0आ0 कुलदीप सिंह, मु0आ0 मुकेश प्रजापति, व आ0 चालक नीरज कुमार एसटीएफ की एक टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुये अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय किया गया।

अभिसूचना संकलन के माध्यम से ज्ञात हुआ कि 01 ट्रक जो की जनपद बरेली नम्बर की गाड़ी है, झारखण्ड से डोडा लोड करके बरेली निवासी असलम के पास जाने वाली है। इस सूचना को विकसित करते हुए, एसटीएफ मुख्यालय स्थित टीम जनपद–उन्नाव रवाना हुयी। जनपद उन्नाव पहुँचकर मुखबिर के बताये हुए स्थान मेंहदीखेडा निर्माणाधीन पुल, कस्बा सफीपुर के पास उक्त ट्रक का इन्तजार करने लगे। कुछ समय पश्चात मुखबिर द्वारा बताया गया ट्रक आता हुआ दिखायी दिया, जिसे रोक कर चेक किया गया तो ट्रक में अवैध मादक पदार्थ डोडा मिला जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 42 लाख रूपये है। उक्त ट्रक के ड्राइवर एवं सहयोगी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके पास से उपरोक्त बरामदगी हुयी।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछतांछ पर बताया कि वे आर्थिक लाभ के लिए यह काम करते है, जिसके लिए इन्हे प्रति चक्कर 25000/– रूपये मिलते है। इन लोगों को जनपद बरेली निवासी असलम ने डोडा लेने के लिए भेजा था। असलम द्वारा इन लोगों को बताया गया था कि झारखण्ड के रांची हाईवे पर 01 व्यक्ति मिलेगा जिसके यहां से अवैध मदाक पदार्थ डोडा लोड होना है। इन लोगों ने उक्त ट्रक में बरेली से कूलर लादकर जमशेदपुर झारखण्ड गये थे जहां पर कूलर अनलोड करने के पश्चात असलम के बताये हुए स्थान रांची हाईवे पर पहुचे वहां पर 01 व्यक्ति खडा हुआ मिला, जो इन लोगों को एक स्थान पर ले जाकर अवैध मादक पदार्थ डोडा लोड करवाया था जिसे यह लोग नहीं जानते है। असलम द्वारा इस अवैध मादक पदार्थ को पंजाब, हरियाणा,दिल्ली उत्तराखण्ड राज्य एवं बरेली के आस–पास के जनपदों में अच्छे दामों पर बेचता है।

गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना सफीपुर, जनपद उन्नाव पर मु0अ0सं0–155/2024 , धारा–8/15/29/60 (3) एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कराकर दाखिल किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।